हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज

नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

41/2016 जस्साराम V/S दुर्गाराम वगै०

15.5.17 पत्रावली राजस्व लोक अदालत अभियान-न्याय आपके द्वार 2017 में आज शिविर केन्द्र निम्बलकोट मे पेश हुई। लोक अदालत नोटिस बाद तामील शामिल मिसल किये गये। प्रार्थी वकील उपस्थित। हालगत प्रकरण मे प्रतिप्रार्थी सं. 3 से 6 के विरुद्ध पूर्व मे ही एकतरफा कार्यवाही पारित हो रखी है और विपक्षी नं. 1 व 2 एंव इनके अधिवक्ता बावजूद सूचना के अनुपस्थित है। और विपक्षी नं. 1 व 2 को पूर्व मे पर्याप्त अवसर दिये जाने के उपरांत भी आदिनांक तक जवाब पेश नहीं किया गया है अतः विपक्षी का जवाब बन्द किया जाता है। प्रार्थी वकील की बहस सुनी गई और बहस पर मनन किया तथा पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड एंव दस्तावेजात का गम्भीरता पूर्वक अवलोकन किया गया। जिससे पाया कि हालगत प्रकरण मे उल्लेखित आराजी पर अन्तरिम स्थगन आदेश जारी हो रखा है एंव मूल वाद न्यायालय मे विचाराधीन चल रहा है। यदि दौराने विचारण बाद अन्तरिम स्थगन आदेश हटाया जाता है, तो

सहायक कलेक्टर
SDC सिणधरी

Scanned by CamScanner

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
	प्रार्थी को अपूरणीय क्षति होगी। एवं वाद से कानूनी पेचीदगियां बढ़ेगी व वादग्रस्त स्थान पर मौके की स्थिति को लेकर भी वाद-विवाद बढ़ने की संभावना रहेगी। ऐसी स्थिति से न्यायालय द्वारा जारी स्थगन आदेश को मूलवाद के निर्णय तक कन्फर्म किया जाना उचित प्रतीत होता है।
	लिहाजा प्रार्थी का आवेदन स्वीकार किया जाकर न्यायालय द्वारा जारी अन्तरिम स्थगन आदेश दिनांक 15.6.2016 को मूलवाद के निर्णय तक कन्फर्म किया जाता है।
	आदेश मय्ये आम सुनाया गया।
	पत्रावली कैफियत मुताबिक होकर दाखिल दफ्तर हो।
	(हस्ताक्षर) 15/5/17 सहायक कलक्टर SDC मिण्यारी